मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 171
रविवार, 05 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## तमिलनाडु के सत्तूर इलाके में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 6 लोगों की मौत

**तमिलनाडु , 04 जनवरी।** तमिलनाडु में विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट के बाद लगभग छह लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन एवं बचाव विभाग के अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि विरुधुनगर जिले के सत्तूर इलाके में एक पटाखा निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। शुरूआती जांच के मुताबिक, आशंका है कि विरुधुनगर के सत्तूर में पटाखा फैक्ट्री में मजदूर पटाखे बनाने के काम में लगे थे तभी यह विस्फोट हुआ है।



इस बीच, पुलिस ने अभी तक मृत व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि नहीं की है। प्रारंभ में, पुलिस ने तीन व्यक्तियों के शव बरामद किए और बाद में अन्य मृत व्यक्तियों के शव बरामद किए। वहीं एक दिन पहले कोयंबटूर में अविनाशी रोड फ्लाईओवर पर एक तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पलट गया, जिससे मामूली गैस रिसाव हो गया। कोयंबटूर के जिलाधिकारी क्रांति कुमार पति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब चालक वाहन लेकर फ्लाईओवर के गोल चक्कर से गुजर रहा था तभी टैंकर ट्रक से अलग हो गया और पलट गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण शहर के मध्य भाग में यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। दुर्घटना स्थल के 500 मीटर से एक किलोमीटर के दायरे में स्थित स्कूलों को एहतियात के तौर पर दिन भर के लिए बंद करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि ट्रक चालक द्वारा दुर्घटना की सूचना दिए जाने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात रोककर बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। बीपीसीएल, आईओसीएल, उद्योग सुरक्षा अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे और रिसाव को रोका।

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला, छात्रों, श्रमिकों के लिए किफायती किराये के आवास का किया ऐलान

**मुंबई, 04 जनवरी।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को एक और बड़ा फैसला लेते हुए छात्रों और श्रमिकों के लिए किफायती किराये के आवास की घोषणा की। इस संबंध में, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को टिकाऊ, किफायती और टिकाऊ घर उपलब्ध कराने के लिए एक महीने के भीतर ₹सभी के लिए आवास₹ नीति लाने का निर्देश दिया। एकनाथ शिंदे ने कहा आवास विभाग की बैठक में वर्षों से लंबित विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई। पर्यावरण के अनुकूल और किफायती किराये के आवास प्रदान करना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। हम छात्रों, मिल श्रमिकों, पुलिस के लिए एक व्यापक नीति तैयार कर




रहे हैं।

यह नीति जनता के सर्वोत्तम हित में है... हमारा लक्ष्य मुंबई के उन लोगों के लिए एक नीति बनाना है जो विभिन्न शहरों में चले गए हैं और उन्हें वापस लाना है... राज्य सरकार आम आदमी की सरकार है। हर नागरिक को घर मुहैया कराना पीएम मोदी का संकल्प है। आवास और शहरी विकास विभाग संभालने वाले एकांत शिंदे ने अधिकारियों को मुंबई में आवास परियोजनाओं के पुनर्विकास में बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया, जो विभिन्न कारणों से अटके हुए हैं।

शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व मिल श्रमिकों के लिए एक लाख घर बनाएगी और इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों से यह जांच करने को कहा कि क्या जो मिल श्रमिक अपने मूल स्थानों पर चले गए हैं, उन्हें उनके गांव में घर दिया जा सकता है। शिंदे ने कहा कि मुंबई में क्लस्टर पुनर्विकास शुरू किया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में घर बनाए जा सकेंगे। उनके मुताबिक, महाराष्ट्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास नीति बनाने वाला पहला राज्य होगा।

## दिल्ली को पीएम मोदी देंगे 12,200 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली, 04 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख विकास परियोजनाओं की श्रृंखला का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 5 जनवरी को 12,200 करोड़. प्रधानमंत्री साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिसकी लागत लगभग 4,600 करोड़ रुपये है। वह दिल्ली मेट्रो चरण-क्ष के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच लगभग 1,200 करोड़ रुपये की 2.8 किलोमीटर लंबी सड़क का भी उद्घाटन करेंगे। यह दिल्ली मेट्रो चरण-क्ष का पहला खंड होगा जिसका उद्घाटन किया जाएगा। मोदी दिल्ली मेट्रो चरण-क्ष के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला भी रखेंगे, जिसकी लागत लगभग 6,230 करोड़ रुपये है। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। नया गलियारा दिल्ली के रिठाला को



हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा और रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे क्षेत्रों सहित दिल्ली और हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करेगा। एक बार परियोजना पूरी हो जाने पर, यह विस्तारित रेड लाइन के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच सीमा पार यात्रा को बढ़ाएगी।

वह नई दिल्ली के रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे। प्रोजेक्ट का बजट करीब 185 करोड़ रुपये है। परिसर स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। नई इमारत में प्रशासनिक ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक और एक समर्पित उपचार ब्लॉक होगा, जो रोगियों और शोधकताओं के लिए एक एकीकृत और निर्बाध स्वास्थ्य सेवा अनुभव सुनिश्चित करेगा।

## महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधाः सीएम योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे।

## केजरीवाल ने जनता के पैसों से बनवा लिया शीशमहलः अमित शाह

**नई दिल्ली, 04 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनाया और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को हिसाब देने की जरूरत है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आये। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया है। एक बच्चे ने बताया कि उसने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है।

अमित शाह ने आगे कहा कि जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए, तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे; आज उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनवाया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना होगा। शाह ने कहा, 'जब वह राजनीति में आए थे तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज उन्होंने दिल्लीवासियों की 45 करोड़ रुपये की 50 हजार गज जमीन पर अपने लिए शीशे का महल बना लिया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को जवाब देना होगा।



नए कामकाजी महिला छात्रावास ब्लॉक 'सुषमा भवन' का आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गया है। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रही थी। उद्घाटन कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुषमा जी को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। भारत के राजनीतिक इतिहास में - वह उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री थीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में; लेकिन उन्हें केवल एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जाएगा।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि वो सुषमा जी ही थीं जिन्होंने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष को सलाह भी दी है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष के सभी नेताओं को उनके काम का अध्ययन करना चाहिए और जो उन्होंने किया उसका अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए। शाह ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज जी को एक संघर्षशील और प्रभावशाली विपक्षी नेता के रूप में याद रखेगा। विपक्ष के नेता के पद की महत्ता का उदाहरण जब दिया जाएगा, तो सुषमा जी का नाम अवश्य लिया जाएगा।

## विवादित जगह की नमाज कबूल नहीं तो फिर क्यों मचा है हाय-तौबाः इंद्रेश कुमार

- कहा, वक्फ में संपत्ति और इनकम का पारदर्शी रखरखाव हो
- मुस्लिम कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे इन्द्रेश कुमार

**सुरेश गांधी**

**लखनऊ।** हज कमेटी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गांधी भवन, कैंसर बाग लखनऊ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रखर विचारक एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने देश में मंदिर-मस्जिद खुदाई विवाद पर कहा कि मंदिर-मस्जिद के नाम पर जो दंगे हो रहे हैं, उनके हल के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने देशवासियों के सामने प्रमाणों को रखा है। ऐतिहासिक प्रमाण, खुदाई के प्रमाण, किताबों में



लिखे प्रमाण और प्रत्यक्ष सामने दिखने वाले प्रमाणों के आधार पर जो जिसका है, उसको दिया जाए।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हज कमेटी उत्तर प्रदेश सदस्य सरवर सिद्दीकी ने बताया कि लखनऊ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में इंद्रेश कुमार ने कहा कि विवादित मामलों में दंगा-फसाद या आंदोलन करने की जरूरत नहीं है। हम इस रास्ते से संवाद और कानून के रास्ते का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि जहां विवाद है, जहां झगड़ा है, जहां कहीं ना कहीं मूर्तियां हैं, वहां पर की गई नमाज मालिक कबूल नहीं करते हैं। ऐसे सब स्थानों पर जो भी आज तक नमाजें हुई, जब वो कबूल ही नहीं हुई तो ऐसी जगह नमाज क्यों करना। इसलिए हमने कहा है सारे देश के मुस्लमानों को सोचना चाहिए।

सरवर सिद्दीकी ने बताया कि उन्होंने कहा है कि हमने कदम बढ़ाया है, वार्ता और कोर्ट से इन समस्याओं के समाधान का आह्वान देशवासियों से किया है। इसी के साथ वक्फ में जो संशोधन है, उसके लिए भी हमने आह्वान किया है। वक्फ में संपत्ति और इनकम का पारदर्शी रखरखाव हो साथ ही महिलाओं और हिन्दुओं की भागीदारी भी वक्फ कमेटी में हो। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी में खुदाई के दौरान मिली लगभग 150 साल पुरानी बावड़ी की खुदाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल में कोई भी ऐसी बात नहीं है, जिससे मुसलमानों को नुकसान होगा. संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है। संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में 21 दिसंबर को खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। सम्मेलन में राष्ट्रीय संयोजक अफजाल अहमद व प्रदेश संयोजक अब्बास हुसैन भी मौजूद रहे।










# महाकुंभ भारतीय अध्यात्म और सांस्कृतिक विशिष्टता का समग्र दर्शन



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

प्रयागराज महाकुंभ की तिथियों का निकट आना भारतीय अध्यात्म एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के समग्र दर्शन की कामना पूर्ति के समय के निकट आने के समान है, यानी सनातनी सांस्कृतिक विरासत की गूढ़ परंपराओं के महादर्शन का शुभ अवसर, जिसकी श्रेष्ठता का गुणगान भारतीय ऋषि मुनियों ने ही नहीं, बल्कि विदेश यात्रियों ने भी किए है। कुंभ आयोजन एक प्राचीन और सांस्कृतिक हिन्दू पर्व है, जो हर 12 बरस में आयोजित किया जाता है। महाकुंभ का आयोजन पवित्र नदियों के किनारे आयोजित किया जाता है, जहां लाखों, करोड़ो श्रद्धालु स्नान और पूजाझअर्चना करने के लिए इकट्ठा होते है। भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सम्पन्नता वैश्विक समुदाय के लिए दर्शन और आस्था का केंद्र सदियों से रही है। कुंभ का इतिहास और उससे जुड़ी कहानी भी शताब्दियों से प्रचलित है। कुंभ आयोजन का इतिहास लगभग 2000 वर्ष पुराना है, जब भगवान विष्णु द्वारा समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश की प्राप्ति हुई। इस कलश को लेकर देवताओं और असुरों के मध्य हुए संग्राम में कलश की कुछ बूंदे पृथ्वी पर गिर गई थी। इन बूंदों के गिरने के स्थानों पर कुंभ आयोजन किया जाता है। कुंभ आयोजन के चार प्रमुख स्थान है, हरिद्वार गंगा नदी के किनारे, प्रयागराज गंगा, यमुना, और सरस्वती का संगम स्थल, उज्जैन शिप्रा नदी के किनारे, नाशिक गोदावरी नदी के किनारे हर बारह वर्ष में आयोजित होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष 2025 के माह जनवरी की 13 तारीख से हिन्दू कैलेंडर की पौष सुदी 15 विक्रम संवत 2081भारत के महातीर्थ गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारियां की जा चुकी है।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार प्रथम कुंभ का आयोजन राजा हर्षवर्धन के राज्यकाल में 664 ईसा पूर्व में हुआ था। प्रसिद्ध चीनी यात्री हैनसांग ने अपनी भारत यात्रा पर लिखी पुस्तक में कुंभ मेले का उल्लेख करते हुए राजा हर्षवर्धन की दानवीरता का जिक्र भी किया। हेनसांग के मुताबिक राजा हर्षवर्धन हर पांच वर्ष में नदियों के संगम पर एक बड़ा आयोजन करते थै, जिसमें वह अपना पूरा राजकोष गरीबों, साधु, संतों, ऋषि, मुनियों धार्मिक लोगो को दान करते थै। ग्रंथों के अनुसार इसी संयोग में कुंभ का आयोजन होता है। महाकुंभ का यह आयोजन दुनियाँ के सबसे बड़े उत्सव में शुमार है। यह हिंदू समाज के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इस महाकुंभ में भारत वर्ष से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज संगम स्थल पर पवित्र स्नान करते है। इस सांस्कृतिक उत्सव के दर्शन करने विदेशी नागरिक भी बड़ी संख्या में आते है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज के महाकुंभ में भारत के सभी हिस्सों से साधु, सन्यासी, योगी, तपस्वी, साध्वियां, कथावाचक, कल्पवासी धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस महाकुंभ का विशेष आकर्षण नागा साधुओं के अखाड़े होते है। नागा साधुओं के अखाड़ों में जुना अखाड़ा, निरंजनी




अखाड़ा, महानिर्वाण अखाड़ा, अटल अखाड़ा, आनंद अखाड़ा प्रमुख है। यह नागा साधु अपने शरीर पर कपड़े धारण नहीं करते अपने शरीर पर राख लपटते है। लंबे केश धारक नागा साधुओं के शरीर पर तेज ठंड और गर्मी का असर नहीं होता। साधुओं की अनेकों शाखाओं में उर्ध्व बाबा जो अपने शरीर को विशेष रूप से तपस्या और ध्यान के माध्यम से विकसित करते है। वे अपने शरीर को साधने के लिए विभिन्न प्रकार का तप और ध्यान का अभ्यास करते है। नागा साधुओं के बारे में कहा जाता है कि वह हिमालय के पहाड़ों और नदियों के किनारे रह कर तपस्या करते है। कुंभ के दौरान वह अपने अखाड़ों के साथ इसमें शामिल होते है। महाकुंभ में नजर आने वाले नागा साधुओं को आमदिनो खुले रूप से नहीं देखा जाता है। महाकुंभ के दौरान पेशवाई एक आकर्षक और रंगारंग समारोह है। इसमें नागा साधुओं के अखाड़े अपने ध्वज और प्रतीकों के साथ विशिष्ट वस्त्रों और आभूषणों के साथ भव्य जुलूस के रूप में निकलते है। पेशवाई एक धार्मिक और पारंपरिक समारोह है। जो कुंभ मेले के दौरान आयोजित किया जाता है। इसमें अखाड़ों के प्रमुख साधु या महंत घोड़े, हाथी या रथ पर सवार होते है। इस समारोह को पेशवाई इस लिए कहा जाता था कि साधु संतों के इस जुलूस की आगवानी कुंभ के दौरान पेशवा करते थै। प्रयागराज महाकुंभ में शाही स्नानों के दौरान पेशवाई अपने पूरे रंग के साथ दुनियां में भारत की आध्यात्मिक ताकत का प्रदर्शन करेंगी। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। 45 दिवस के इस महाकुंभ सात शाही स्नान होगें, महाकुंभ में शाही स्नान आयोजन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल है। शाही स्नान की शुभ तिथि पर विभिन्न साधु संतों के अखाड़ों के बाद आम लोगों का स्नान होगा। महाकुंभ में प्रथम शाही स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा, द्वितीय 14 जनवरी मकर संक्रांति, तृतीय 29 जनवरी मौनी अमावस्या, चतुर्थ 3 फरवरी बसंत पंचमी, पंचम 4 फरवरी अचला सप्तमी, षष्ठ 12 फरवरी माघ पूर्णिमा, सप्तम 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा। उप्र सरकार महाकुंभ की तैयारियों में बरसो से जुटी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा बैठक में कहा हर तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को पुख्ता रखना जरूरी है। सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियां 24 घंटे सतर्क रहेगी। एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए। प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिनों के इस आयोजन में देश विदेश से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

दुनियाँ के सबसे बड़े धार्मिक पर्व महाकुंभ 2025 प्रयागराज में सनातन संस्कृति के विविध रंग नजर आएंगे। भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विशिष्टता के समग्र दर्शन महाकुंभ में शामिल होकर किए जा सकते है। भारत देश की महान सांस्कृतिक परंपराओं में कुंभ मेले का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। प्रयागराज संगम स्थल हिंदू धर्म का पवित्र तीर्थ क्षेत्र है। रामायण के अनुसार यह संपूर्ण विश्व का एकमात्र स्थान है, जहां गंगा, जमुना, सरस्वती मिलती है। यहां से अन्य नदियों का अस्तित्व खत्म होकर एकमात्र गंगा नदी का महत्व शेष रहता है। इस भूमि पर ब्रह्मा जी ने यज्ञ कार्य संपादित कराएं थै, ऋषि, मुनियों और देवताओं ने संगम में स्नान कर अपने आप को धन्य माना। प्रयागराज की पवित्र धरा पर महाकुंभ का आयोजन संपूर्ण विश्व को भारत और सनातन धर्म की आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विशिष्टताओं से अवगत कराने का माध्यम बनेगा। सदियों से आयोजित होने वाले कुंभ मेले भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक आदानझप्रदान और आध्यात्मिक चेतना के मुख्य केंद्र है।

# क्या मकर संक्रांति पर बिहार में होगा फिर कोई सियासी खेला



अशोक भाटिया

बिहार में नीतीश कुमार कुछ भी करने वाले होते हैं तो उसके संकेत पहले से ही मिलने लगते हैं। कई बार लगता है कि ये तो सामान्य बात है लेकिन कुछ महीने बाद ही असामान्य हो जाती है।नीतीश कुमार की एक तस्वीर पर खूब बात हो रही है। इस तस्वीर में नीतीश कुमार ने हँसते हुए तेजस्वी यादव के कंधे पर हाथ रखा है और तेजस्वी हाथ जोड़कर थोड़ा झुक कर हँस रहे हैं। हालांकि यह एक सरकारी कार्यक्रम की तस्वीर है। जहां पक्ष और विपक्ष का आना एक औपचारिक रस्म होता है। लेकिन कई बार औपचारिक रस्म में ही अनौपचारिक चीजें हो जाती हैं। दरअसल आरिफ मोहम्मद खान राज्यपाल की शपथ ले रहे थे और इसी कार्यक्रम में नीतीश कुमार भी मौजूद थे और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी। दोनों नेताओं की यह तस्वीर आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने एक चैनल के कार्यक्रम में कहा था कि नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे खुले हुए हैं।बिहार में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और राज्य के सियासी गलियारों में पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार को लेकर लगातर अटकलें लगाई जा रही हैं। इन अटकलों को नीतीश की चुप्पी ने भी हवा दी है। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के एक बयान ने बिहार की सियासत में अटकलों को तेज कर दिया है।

गौरतलब है कि पिछली मकर संक्राति 14 जनवरी 2024 को नीतीश कुमार एकदम से आरजेडी और क्ठउक्रअ ब्लॉक से रिश्ता तोड़कर एनडीए में शामिल हो गए। नीतीश वैसे तो आरजेडी के सपोर्ट से ही बिहार के सीएम बने हुए थे, लेकिन नाता तोड़ने पर भी इसपर फर्क नहीं पड़ा। वे एनडीए की मदद से सीएम बने रहे। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, सहयोगियों से दूरी के पीछे कारण गिनाते हुए उन्होंने कहा था कि वे बिहार के फायदे के लिए ऐसा कर रहे हैं। हालांकि राजनीति के जानकारों ने इसे उनकी आदत बताते हुए कहा कि वे हवा का रुख भांपकर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए में आए क्योंकि उन्हें यकीन था कि लोकसभा चुनावों में ये पार्टी कमाल करेगी।

इन अटकलों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी 'प्रगति यात्रा' के दूसरे चरण की शुरूआत आज 4 जनवरी से गोपालगंज से कर रहे हैं। इस यात्रा में वे कई जिलों का दौरा करेंगे, विकास कार्यों का जायजा लेंगे, योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब प्रदेश में सियासी हलचल तेज है और नीतीश कुमार के राजनीतिक रुख को लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं। नीतीश कुमार के राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने हाल ही में एक बयान दिया था जिसने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। लालू यादव ने कहा था कि अगर सीएम नीतीश वापस आते हैं तो उनका स्वागत होगा। उन्होंने आगे कहा था कि माफ करना उनका फर्ज है और वो सब भूल कर सीएम नीतीश को अपने साथ रख लेंगे। उनके लिए दरवाजा खुला है।

लालू यादव के इस बयान के बाद विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अलग रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि अब सीएम नीतीश के साथ जाना यानी अपनी पैर पर कुल्हाड़ी मारना होगा। सीएम नीतीश के लिए दरवाजे अब बंद है। दो नेताओं के अलग-अलग बयान इस सियासी उठापटक को और दिलचस्प बना दिया है। ऐसे में नीतीश कुमार की यह 'प्रगति यात्रा' और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस यात्रा के दौरान नीतीश कुमार जनता के सामने क्या संदेश देते हैं और उनकी राजनीतिक रणनीति क्या रहती है।

दूसरी तरफ बीजेपी को नीतीश की जरूरत मालूम है, इसलिए बिहार बीजेपी की तरफ से उनको अगले चुनाव के लिए नेता मान लिया गया है। पर कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार भाजपा से नाराज हैं। उनकी नाराजगी के कई कारण बताए जाते हैं। पहला यह कि अमित शाह ने अगली बार उन्हें सीएम बनाए जाने के सवाल पर ऐसा बयान दे दिया कि उनका नाराज होना स्वाभाविक है। शाह ने कहा कि संसदीय बोर्ड सीएम का फैसला करेगा। शाह का बयान इसलिए भी नीतीश कुमार को नागवार लग सकता है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति के आसार बिहार में भी दिख रहे हैं। वैसे नीतीश कुमार की नाराजगी का उनकी चुप्पी के कारण सिर्फ अनुमान भर है।

इन सबके बीच नीतीश कुमार खामोश हैं। उनकी खामोशी से ही अटकलों को आधार मिल रहा है। बिहार की राजनीति में नीतीश की चुप्पी और नए साल की शुरूआत का संयोग ही अटकलों का आधार है। जानकार मान रहे हैं कि जब-जब नीतीश खामोश होते हैं, बिहार में सियासी उलट-फेर होता है। चाहे एनडीए छोड़ कर इंडिया ब्लॉक में जाना हो या इंडिया ब्लॉक से एनडीए में लौटना, यह उनकी कुछ दिनों की चुप्पी के बाद ही होता है। दूसरा कि बिहार में मकर संक्रांति के बाद ही पिछली बार बिहार में सत्ता का खेमा बदला था। नीतीश कुमार अपने ही तैयार किए इंडिया ब्लॉक को छोड़ कर एनडीए में शामिल हो गए थे। इस बार भी वे चुप हैं। महीना भर से अधिक हो गया, वे मीडिया के सामने नहीं आए। सामान्य स्थिति में वे मीडिया के लोगों से खूब बातें करते हैं। नीतीश कुमार की नाराजगी को लोग इसलिए भी महसूस कर रहे हैं कि उन्होंने दिल्ली की यात्रा की और भूतपूर्व पीएम मनमोहन सिंह के परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी, लेकिन भाजपा नेताओं से बिना मिले वे एक दिन पहले ही दिल्ली से लौट आए। अमित शाह द्वारा बुलाई एनडीए की बैठक से भी नीतीश ने दूरी बना ली थी। लोग इन्हीं तारों को जोड़ कर उनके भाजपा से नाराज होने का अनुमान लगा रहे हैं।

नीतीश कुमार की नाराजगी का एक और कारण माना जा रहा है। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह भाजपा के अधिक करीब इन दिनों दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि नीतीश कुमार की मर्जी के खिलाफ दोनों भाजपा के इशारे पर चल रहे हैं। अगर ऐसा है तो नीतीश कुमार का नाराज होना स्वाभाविक है। उनका मुंह एक बार जल चुका है। आरसीपी सिंह भी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते राज्यसभा गए थे। नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में वे मंत्री बने तो भाजपा की भाषा बोलने लगे थे। बाद में नीतीश ने उन्हें जेडीयू से निकाल कर दम लिया था। उसी तरह का खतरा नीतीश के सामने फिर पैदा हो गया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि नीतीश ने नाराजगी में अगर एनडीए से अलग होने का फैसला किया तो जेडीयू ही टूट जाएगा।

इन्हीं वजहों से इंडिया ब्लॉक में आरजेडी को छींका टूटने के आसार नजर आ रहे हैं। आरजेडी को उम्मीद है कि नीतीश ने नाराजगी में एनडीए छोड़ा तो इंडिया ब्लॉक में आने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं बचेगा। नीतीश के एनडीए छोड़ कर आरजेडी के साथ आने की बातें उसके विधायक भाई वीरेंद्र कह चुके हैं। वीरेंद्र की बातों पर लोगों को भरोसा इसलिए है कि वे लालू यादव के परिवार के करीबी बताए जाते हैं। तेजस्वी यादव तो तब से खेला होने की बात कह रहे हैं, जब नीतीश महागठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल हो गए थे। जानकार लोगों का कहना है कि एनडीए में नीतीश की नाराजगी और नए साल में दही-चूड़ा भोज की तारीख करीब देख कर यह अनुमान लगाना स्वाभाविक है कि वे फिर पाला बदल करेंगे। ऐसा हुआ तो तीन संभावनाएं दिखती हैं। पहली यह कि नीतीश विधानसभा भंग कर चुनाव में जाएं। वे पहले से ही समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। दूसरा कि एनडीए से अलग हों और इंडिया ब्लाक उनकी मर्जी के मुताबिक बाहर या भीतर से उन्हें सरकार बनाने में सहयोग करे। बिहार की सियासी हलचल खरमास खत्म होने तक बरकरार रहेगी। अगर नया कुछ होना होगा तो मकर संक्रांति से दिखाई देने लगेगा।नीतीश कुमार के पाला बदल लेने से भी एनडीए की सरकार गिर जाएगी, ये तो नीतीश कुमार या लालू यादव किसी को भी अंदाजा नहीं होगा। ये संभव भी तभी हो पाएगा जब नीतीश कुमार के साथ साथ चंद्रबाबू नायडू भी सपोर्ट वापस लेने का फैसला करें। लेकिन उसके बदले उनको क्या मिलेगा, ये भी सवाल है। नायडू भी इतने दिनों से राजनीति में हैं, प्रधानमंत्री बनने की तो उनकी भी ख्वाहिश होगी ही।

नीतीश कुमार को ये भी नहीं भूलना चाहिये कि जेडीयू के हटने पर ममता बनर्जी एनडीए का सपोर्ट कर सकती हैं। जिस तरीके से बीजेपी ने ममता बनर्जी के प्रति नरम रुख अपना रखा है, तृणमूल कांग्रेस नेता ने भी अपना प्लान-बी तो तैयार ही रखा होगा। वैसे भी कहने भर को ही ममता बनर्जी इंडिया ब्लॉक में हैं। अगर ममता बनर्जी सरकार में शामिल न भी होना चाहें, तो बाहर से तो सपोर्ट कर ही सकती हैं।

देखा जाये तो नीतीश कुमार एनडीए के साथ ही सर्वोत्तम स्थिति में हैं। बेहतर ये होगा कि अब वो पुरानी 'गलती' दोहराने से परहेज करें। क्योंकि, आगे से ये बोलने का भी मौका नहीं मिलेगा कि ह्यअब कहीं नहीं जाएंगे। गलती हो गई थी, चले गये थे।

# बीजेपी का 'कमल' या केजरीवाल का विजय रथ दिल्ली में कौन होगा जीत का हकदार



-अजय कुमार

दिल्ली का सियासी दंगल सज गया है। बस चुनाव की तारीख की घोषणा होना बाकी रह गया है।इस बार भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बाद भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।वहीं बीजेपी भी पूरे दमखम से मैदान में डटी है तो पीछे यूपी में मजबूत पकड़ रखने वाली समाजवादी पार्टी और बसपा भी नहीं हैं।दिल्ली विधानसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी के सामने अपनी 11 साल पुरानी सरकार को बचाये रखने की चुनौती है तो बीजेपी कम बैक करना चाहती है। मगर वह बिना सेनापति यानी मुख्यमंत्री के चेहरे के मैदान में ताल ठोक रही है,इसका उसे कितना फायदा या नुकसान होगा यह नतीजे आने के बाद पता चलेगा। वहीं कभी दिल्ली पर दबदबा बनाने रखने वाली कांग्रेस चुनाव के मैदान में तो हैं लेकिन सत्ता में उसकी वापसी हो,इसके लिये उसके पास शीला दीक्षित जैसा कोई चेहरा नजर नहीं नजर आ रहा हैं।

गौरतलब हो ,केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में विधानसभा बहाल होने के बाद 1993 में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए थे. उसके बाद से राजधानी में सात बार विधानसभा चुनाव हुए हैं। बीजेपी महज एक बार साल 1993 में ही जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी। 1998 में उसके हाथों से सत्ता गई तो फिर वापसी नहीं हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि दिल्ली का दिल बीजेपी क्यों नहीं जीत पाती है और 2025 में क्या सियासी ग्रहण को दूर कर पाएगी। बीजेपी पिछले 26 साल से दिल्ली में सत्ता का वनवास झेल रही है. 15 साल तक शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस के सामने खड़ी नहीं हो सकी. थी तो उसके बाद अरविंद केजरीवाल की चुनौती से बीजेपी कभी पार नहीं पा पाई। शीला दीक्षित के बाद से 11 साल से आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के आगे बीजेपी लीडरशिप पस्त नजर आई है।

अब नव वर्ष के आगाज के साथ ही फिर से दिल्ली विधानसभा चुनाव की सियासी तपिश बढ़ गई है। बीजेपी 2025 में होने वाले विधानसभा में हर हाल में दिल्ली में कमल खिलाना चाहती है, जिसके लिए पूरी ताकत झोंक रखी है. इसके बाद भी बीजेपी के लिए दिल्ली के सत्ता की राह आसान नहीं है. मोदी-शाह की जोड़ी 2014 लोकसभा चुनाव के बाद से बीजेपी के लिए जीत हासिल करने की गांरटी बन गई थी. ऐसे में देखते ही देखते देश के एक के बाद एक राज्यों में बीजेपी अपनी जीत का परचम फहराती रही. उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्वोत्तर राज्यों तक बीजेपी की जीत का डंका बजने लगा. बीजेपी की जीत का श्रेय नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी को दिया गया लेकिन केंद्र सरकार के नाक के नीचे दिल्ली में 2015 और 2020 में दो बार चुनाव हुए. इन दोनों ही चुनावों में मोदी-शाह की जोड़ी केजरीवाल के सामने अपना असर नहीं दिखा सकी. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह क्या है, जिसके चलते बीजेपी दिल्ली की जंग फतह नहीं पा रही?

दिल्ली के सियासी मिजाज को बीजेपी समझ नहीं पा रही है. देश के दूसरे राज्यों के फॉमूर्ले पर दिल्ली के विधानसभा चुनाव नहीं जीता जा सकता है. दिल्ली जाति और धर्म की सियासत को कभी तवज्जो नहीं नहीं देती है. इसके अलावा दिल्ली के लोग नकारात्मक चुनाव प्रचार को अहमियत नहीं देते, क्योंकि दिल्ली में एक बड़ा तबका कारोबारियों का है. दिल्ली में तीन तरह के चुनाव होते हैं और तीनों में वोटिंग पैटर्न अलग-अलग हैं. लोकसभा चुनाव में दिल्ली की पसंद बीजेपी रही तो विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी. पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के दौर में भी ऐसा ही था, जब विधानसभा में कांग्रेस को कामयाबी मिली थी तो लोकसभा में बीजेपी को. एमसीडी चुनाव में पहले बीजेपी का कब्जा रहा, लेकिन अब आम आदमी पार्टी का है. दिल्ली के चुनाव में पार्टी से ज्यादा नेता का व्यक्तित्व मायने रखता है. साल 1993 में बीजेपी ने मदन लाल खुरना को आगे कर सत्ता हासिल की थी, लेकिन सिर्फ पांच साल के दौरान बीजेपी को तीन बार सीएम बदलना पड़ा. नतीजा यह हुआ कि दिल्ली की जनता के बीच बीजेपी की तरफ से गलत राजनीतिक संदेश गया और इसका खामियाजा उसे 1998 के चुनाव में भुगतना पड़ा. इसके बाद से बीजेपी दिल्ली की सियासत में अपना कोई ऐसा नेता खड़ी नहीं कर सकी, जो शीला दीक्षित और अरविंद केजरीवाल के सामने चुनौती पेश कर सके. 1998 के चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने वाली शीला दीक्षित 15 साल तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं. शीला दीक्षित ने खुद को कांग्रेस पार्टी के सामनांतर खड़ा किया था. दिल्ली में उन्होंने विकास का अपना एक मॉडल बनाया, जिसके दम पर वो 1998 से 2013 तक एकक्षत्र राज करती रहीं. बीजेपी इन 15 सालों तक कांग्रेस को चुनौती नहीं दे सकी और न ही कभी भी शीला के कद का कोई अन्य नेता उनके सामने खड़ा नहीं कर पाई. इसके बाद 2013 में अन्ना आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने पहली बाजी जीतने के बाद ऐसा खूंटा गाड़ा कि उसे बीजेपी नहीं उखाड़ सकी. केजरीवाल के सामने बीजेपी ने कई प्रयोग किए, लेकिन चुनौती नहीं खड़ी कर सकी.

केंद्र की सत्ता पर काबिज रहने वाली पार्टी दिल्ली की सियासत को वैसे ही डील करती है. कांग्रेस और बीजेपी अपने किसी भी नेता को दिल्ली में बहुत ज्यादा स्पेस नहीं देती. दिल्ली में किसी खास नेता को स्पेस देने का मतलब है उसकी राजनीतिक हैसियत को बढ़ाना और कोई भी राष्ट्रीय पार्टी ऐसा करना नहीं चाहती. पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी खुद को पार्टी के अंदर स्थापित किया था. उन्हें पार्टी की तरफ से कोई बढ़ावा नहीं मिला. ठीक उसी तरह बीजेपी भी दिल्ली के नेताओं को बहुत ज्यादा अहमियत नहीं देती. यही वजह है कि वो केजरीवाल के सामने कोई मजबूत चेहरा नहीं उतार सकी.

# रुपया गुरु है, बाकी सब उसके चेले!



-आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया में जिस रात को रुपया पैदा हुआ,उस रात को कोई पैदा नहीं हुआ इसलिए रुपया जैसा कोई नहीं है ओर न ही दिखाई देता है ।जिस रात रुपया पैदा हुआ उस रात रुपए के साथ यदि कोई पैदा होता तो संभवत वह जीवित होता। यानी रुपया जीवित है ओर उसके साथ का कोई ओर जीवित नहीं है। यह बात इसलिए पूरे दावे के साथ कहना पड़ रहा है कि रुपए के साथ कोई ओर भी जीवित रहता है तो वही दिखाई देता। रुपया जिसके पास हो वह अमीर ओर पूंजीपति हो जाता है ओर रुपया होने से उसका नाम ओर यश पूरी दुनिया में हो जाता है,। जिसके पास गड्डियों में,बैग में, अटैची में करारे करारे नोट आते है तो उसे देखकर उसका मन कुलांचे भरता है किन्तु यह सभी देखने को नही मिला कि रुपया आने पर वह रुपयों को चाट रहा हो या रुपया उसे चाट रहा हो? इससे कहा जा सकता है कि रुपया मनुष्यों के बीच में आकार मानवीय हो गया है तभी रुपया का एक नाम माया भी कहा गया है ।

रुपए का एक नाम माया भी है। माया तेरे तीन नाम। परसा परसी परस्त्रराम। ये माया के नाम एक गरीब आदमी से शुरू हुये है। जो समाज में सबसे गरीब है उसे पर्सा जैसे छोटे नाम से बुलाते है जिसकी आर्थिक स्थिति थोड़ी ठीक हुई तो उसका नाम परसी हो जाता है ओर जिसके पास रुपया ही रुपया हो यानि धन का अंबार लग जाये तो उसे इज्जत से परसराम बोला जाता है। यानि रुपया होने से वह सम्मान पाता है ओर उसके पैर जमी पर नही टिकते। यहाँ रुपया आने पर व्यक्ति के मानवीय स्वरूप में भी बदलाब आ जाता है ओर वह अपने से छोटों के साथ ओर बड़ों के साथ क्या व्यवहार करना चाहिए यह रुपयों कि उपयोगिता उसे बखूबी सिखा देती है। जो सिद्ध करता है कि रुपया गुरु है ओर बाकी सब उसके चेले चपाटी है। रुपया यानी गुरु जिसके पास हो वह उसके उपयोग दुरुपयोग को समझ लेता है ओर वैसा ही आचरण करना शुरू कर देता है। कहा जाता है कि जिसके पास रुपया हो ओर विद्या कंठस्थ हो तब वह दोनों तब काम आती है जब वह निजी हो ओर परिश्रम से आई हो।

सूत्र है व्यापारे वर्धते लक्ष्मी , अथवा व्यापारे बसते लक्ष्मी, इस मूलमंत्र को जो अपना ले वह दुनिया में सभी का दिल जीतने के साथ अपार धन कमाता है, इस कला को या हुनुर को सिंधी समाज के साथ राजस्थान-गुजरात के मारवाड़ी समाज ने अपना कर पूरे देश के बाजार पर कब्जा कर लिया है। आप किसी भी प्रदेश के छोटे बड़े किसी भी नगर, कस्वे में देख ले राजस्थान-गुजरात के व्यक्ति बोलचाल, वाक्पटुता ओर भावताब में किसी कालेज के प्रोफेसर से कम नहीं है जिसका जीता जागता प्रमाण देख ले कि राजस्थान में दूर दूर तक रेत के ढेर को स्वर्ण के ढेर बनाने की कला वहाँ के मारवाड़ी समाज के बच्चे बच्चे को पता है इसलिए उन्होने रेगिस्तान को अर्थात सूखे बालू के सागर को सिंचित बना लिया है। मारवाड़ियों में एक कहावत है की मारवाड़ी अपनी माँ के पेट से व्यापार की दक्षता लेकर पैदा होता है, इसलिए अगर देश में हुंडी का चलन राजस्थान से माना गया है ओर यहा के लोगों ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए ₹हुण्डी₹ का प्रचलन किया। जिस समय देश में बैंकिंग सिस्टम नहीं या, राजस्थानी व्यापार व्यवसाय हेतु भारत को छोड़कर सात समुद्र पार विदेशों तक भी पहुंचे। वहां के निवासियों को उन्होंने अपनी कला व संस्कृति का पाठ भी पढ़ाया।

हम सब यह मानकर चलते है कि अपना घर कैसा भी हो हमारे लिए अपना अपना घर प्रिय लगता है इसलिए देश में रूखा सूखा खाकर कम मजदूरी पाकर हम ओर आप अपनी मानवीय भावना ओर पारिवारिक रिश्ते की मजबूती के लिए अपनी जन्म भूमि में ही रहना चाहते है परन्तु राजस्थानी स्वाबलम्बी रहे हैं। व्यापार हेतु अपना घर परिवार छोड़ कर चले जाते हैं, जबकि बिहार ओर उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ ओर मध्यप्रदेश के अधिकांश लोग भी जाते है किन्तु वे व्यापार के लिए नहीं बल्कि मजदूर बनने छोटे मोटे कर्मचारी बाबू बनने कि भावना लिए निकलते है तो वे उसमें सफल होते है ।इन सभी घर छोडकर जाने वाले के पीछे घरों में नारिया, सेजों में सोयी हुई उनकी गोरी, के यौवन की उमंगे ढल जाती है। माता पिता का स्नेह लाडली बहन का प्यार छोड़कर वे सभी प्रवास में अर्थार्जन हेतु देश विदेश में कही भी जाने को तत्पर होते हैं। यह कहावत प्रचलित है भू बिना भाग नहीं जागे' अर्थात देश देशान्तरों की यात्रा के बिना उसका भाग्य चेतता नहीं है। यहा के लोगों का मानना है कि जो जीवन निर्वाह के लिये अपना घर परिवार छोड़कर घूमता फिरता है वह सब कुछ पाता है, खोता नहीं। इसलिये यह कहते हैं-₹ रोटी नठेई पर, रोटो सवसू मोटी जहाँ मनुष्य को रोटी रोजी मिल पाती है उनको वहीं पर मानना चाहिये ।रोटी हो जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण होती है,रोटी कि चाह लिए बिहार,उत्तरप्रदेश, छतीसगढ़ आदि के युवा कठोरश्रम के बाद जितनी चाह लिए होते ही उतना पाते है जबकि सिंधी,गुजराती ओर राजस्थानी व्यापारी घोर परिश्रम से छोटे से छोटे काम को लेकर बड़े से बड़े काम को अपने हाथों से खुद करते हैं।

समाज का जो वर्ग रुपए को गुरु बनाकर उसका शिष्य बनने को तैयार होता है गुरु रुपए कि कृपा प्राप्त करने में सफल होता है। सिंधी समाज, राजस्थानी व मारवाड़ी समाज के लोगों को देखे वे आज व्यापार में जिस ऊंचाई पर है वह ऊंचाई पाने के लिए इन्होंने न स्कूलों में इसकी पढ़ाई की है ओर न कोई पुस्तक पढ़ी है। इनके पूर्वजों के समय न तो कोई पुस्तके थी, न प्रेस थी जहा ये छपती? इन्होने तब व्यावहारिक जीवन में कहावतों-मुहावरों द्वारा ही सामान्य ज्ञान में व्यापार सीखा था। इन लोगों ने कोई विश्वविद्यालय तथा स्कूल में अर्थशास्त्र की शिक्षा ग्रहण नही की, अपनी मातृभाषा सिंधी राजस्थानी ओर गुजराती के अलावा इनको किसी भी भाषा का पूरा ज्ञान नहीं. इन व्यापारी लोगों के जनजीवन मे अर्थशास्त्री कहावतों की गहराई है तो वह उनके लोक साहित्य के मुहावरों में है जो प्राचीन समय से इनकी धरोहर है जिससे लोक जीवन में व्यवहार ओर वाकपटुता इनके व्यापार के लिए सर्वोत्तम माणिक मणियों है जो गुरु रूपी रुपया की असीम कृपा पाने हेतु ये सब अपने गुरु के अच्छे शिष्य साबित होते है।

## हम बिहार की परंपराओं का सम्मान करते हैं और समुदायों को और करीब लाने का लक्ष्य रखते हैं : विवेक कुक्कल

देवघर। आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा के अवसर पर एक भावपूर्ण गीत लॉन्च किया था, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका 'रेखा भारद्वाज' की आवाज है। परंपरा और संगीत कला के प्रेरक मिश्रण में, यह गीत त्योहार के गहरे सांस्कृतिक महत्व का उत्सव मनाता है, जिसे रेखा भारद्वाज की शक्तिशाली और भावनात्मक आवाज के माध्यम से दर्शाया गया था। लॉन्चिंग कार्यक्रम झारखंड के जमशेदपुर, देवघर, धनबाद एवं रांची में एक साथ हुआ। यह गीत अलाइव इंडिया म्यूजिक फाउंडेशन के साथ मिलकर बनाया गया था, जिसके नेतृत्व गायक, संगीतकार और गीतकार सुप्रतीक घोष हैं। इस सहयोग पर बोलते हुए, रेखा भारद्वाज ने कहा, ₹मेरे लिए पहला छठ पूजा गीत बनाना एक बहुत ही खुशी की बात रही है। यह हमारे धरोहर के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और समुदाय का उत्सव मनाती है। बिहार की परंपराओं को दिखाने में आशीर्वाद स्वस्ति के प्रयासों का समर्थन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

# लेखपालों ने भरी हुंकार, दिया धरना किया प्रदर्शन

## विजिलेंस टीम पर ट्रैप कर प्रदेश में लेखपालों को फंसाये जाने का लगाया आरोप




शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गाजीपुर सहित कई जनपदो में एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपालों की गिरफ्तारी से आक्रोशित शाहगंज तहसील के लेखपालों ने उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर के तले शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लेखपालों ने तहसील परिषद में धरना प्रदर्शन किया। लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि एण्टी करप्शन टीम द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। अधिकांश प्रकरणों में शिकायत पत्र में उल्लेखित कार्य लेखपाल से सम्बन्धित भी नहीं होता है और न ही लेखपाल द्वारा कोई रिश्वत की मांग की गयी होती है। लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब/ हाथ/ वाहन/ कक्ष में पैसा रख दिया जाता है। टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवाकर अथवा पाउडर लगाकर या अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़कर, पानी के गिलास में धुलवाये जाते हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने गाजीपुर महाराजगंज एवं दो तीन अन्य जनपदों में लेखपालों को साजिशन फसाया गया है। लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि एंटी करप्शन के कारवाही के पूर्व शिकायत कर्ता की शिकायत की जाँच प्रशासनिक स्तर पर हो। शिकायत कर्ता लेखपाल से कार्य कराने का विधि विरुद्ध प्रयास करता है तो रिश्वत देने के प्रयास में उसके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत होना चाहिए। किसी दलाल साजिशकर्ता के द्वारा रिश्वत लेने के आधार पर लेखपाल कर्मचारी को गिरफ्तार करने पर रोक लगायी जाए। इसके अलावा कई अन्य मांगों की मांग ज्ञापन में की गई। धरना की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष ई.विकास सिंह ने किया। संचालन तहसील मंत्री विवेक सिंह ठाकुर ने किया। उक्त मौके पर लेखपाल दूधनाथ, बृजेश यादव, पवन सिंह, मृतुन्जय, कुंवर विक्रम, निशा प्रियदर्शनी, सुमन, नीतू सिंह, अमरजीत बिंद, सत्यप्रेम, रितुराज चौधरी, ज्योति तिवारी, रविकांत मौर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# चंदौली में जेसीबी में घुसी बोलेरो, 8 लोग घायल

**एक की हालत गंभीर, दाह संस्कार से लौटते समय हुआ हादसा**

**डॉ.एस.के.मिश्र**

चंदौली (उत्तरशक्ति)। जनपद में कोहरे ने बीती रात खूब कहर मचाया, कोहरे में दूर तक न दिखने के कारण तीन स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए। चंदौली नगर के इलिया मोड़ के समीप सर्विस रोड पर खड़ी जेसीबी से बोलेरो टकरा गई। इस घटना में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरह सदर कोतवाली के जसौली गांव के समीप वाहन के धक्के से ई-रिक्शा में सवार दो लोग जख्मी हो गए। वहीं, सदर कोतवाली के जगदीशसराय गांव के समीप शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे पर तीन ट्रक आपस में टकरा गए। संयोग अच्छा रहा कि इसमें कोई घायल नहीं रहा। चंदौली नगर के इलिया मोड़ के समीप सर्विस रोड पर बीती की रात बोलेरो और जेसीबी की टक्कर हो गई। इस दौरान बोलेरो के पर खर्च उड़ गए और उसमें सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।लेकिन एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी रेफर कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर बुझारत की लड़ाई गांव निवासी घूरा यादव की पत्नी के निधन होने के बाद दाह संस्कार के लिए परिजन वाराणसी ले गए थे। घर लौटते समय बीती रात इलिया मोड़ के समीप कोहरे के कारण सर्विस रोड पर जेसीबी व बोलेरो की टक्कर हो गई। हादसे में संजय यादव (30), गुड्डू यादव (35), चंद्रशेखर (32), साहब यादव (40), संतोष यादव (20) और बलवान (32) घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बलवंत की हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया।

# बस सवार युवक की मौत, बिना पोस्टमार्टम किये ले गए शव

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। ठंड के मौसम में प्रदेश से अपने गाँव आ रहे युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाहगंज से सटे बिलारमऊ खंजहापुर निवासी कि 26 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र रामसूरत दिल्ली से बस पर सवार होकर अपने घर आ रहा था कि रास्ते में उसकी तबियत बिगड़ गई। आनन फानन में सह यात्रियों ने उक्त युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये और चिकित्सक को दिखाए, जहाँ जाँच करने पर चिकित्सकों ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया। तब तक परिजन भी अस्पताल पहुच चुके थे। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। उसके बाद बिना पुलिस को सूचित किये शव को अपने साथ ले गए। बताया जाता है कि उक्त युवक काफी समय से बीमार चल रहा था।

# निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव: सुदीक्षा जी महाराज

## निरंकारी सतगुरु का नववर्ष पर खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश



जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है। यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में मानवता के नाम संदेश दिए। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन संदेशों को बताते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया की नववर्ष केवल 2024 से 2025 का नम्बर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मस्तिष्क की बनाई गई अवधारणा है। निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है। जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना। सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें। हमें अपने जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल, हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें। सेवा, सुमिरण और संगत का वास्तविक अर्थ तभी प्रकट होगा। जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। केवल मित्रता या सामाजिक दबाव के कारण अपनी आध्यात्मिकता में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। सच्चे मन और जागरूकता से ही हम अपने जीवन को निरंकार से जोड़ पाएंगे। अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए।हर कार्य में निरंकार को समाहित करना जरूरी है। यही वह मार्ग है। जो हमारे जीवन में आध्यात्मिक जागरूकता और संतोष का विस्तार करता है। इस नये वर्ष में हमें अपने पुराने अनुभवों से सीख लेकर, अपने भीतर की कमियों को सुधारते हुए अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। मानवीय गुणों से युक्त जीवन ही सच्चा जीवन है। सतगुरु माता जी से पूर्व आदरणीय राजपिता जी ने सभी संतों को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि आज के समय में समाज और मानव जीवन में परमात्मा की उड़ीक (जिज्ञासा) धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। लोग परमात्मा के अस्तित्व पर संदेह कर रहे हैं और सत्य की राह देखने के बजाय उसे नकारने में लगे हैं। यह स्थिति केवल इसलिए है क्योंकि कई लोग परमात्मा को पाने का दावा करते हैं। लेकिन सच्चे प्रयास नहीं करते। सतगुरु के ज्ञान से हमें जो सत्य प्राप्त हुआ है। वह केवल कहने-सुनने तक सीमित न रहे। यह हमारे जीवन में महसूस हो और ऐसा महके कि समाज के लिए वरदान बन सके। हमारा जीवन परमात्मा की ओर प्रेरित करने वाला बने, न कि दिखावे तक सीमित रहे। सेवा, सुमिरण और संगत के बिना भक्ति अधूरी है। सच्चा जीवन वही है जिसमें परमात्मा का प्रेम और भक्ति का वास हो। हमें प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ मानव परिवार को साथ लेकर चलना है। सत्संग के इस अमूल्य पहलू को सजाते हुए अपने जीवन को ऐसा साधन बनाएं कि हम प्रभु के निकट जा सके और दूसरों के लिए प्रेरणा स्वरूप बने। इस नव वर्ष के अवसर पर सतगुरु माता जी ने अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए सुख, समृद्धि और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की।

# बिजली का पोल दे रहा दुर्घटना को दावत



**विशाल सोनी**, शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कभी कभी विघुत विभाग कुम्भकर्णी निद्रा में सोई रहती है और दुर्घटना होने के बाद अपने नींद से जागती है। कुछ ऐसा ही नजारा नगर के अलीगंज स्थिति डफलटोला में देखने को मिला। जहाँ काफी समय से एक विद्युत पोल विद्युत तारो के बोझ के तले जर्जर हो गया है और उक्त विद्युत पोल आधा झुक गया है जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। मगर विद्युत विभाग की नजर इस ओर नही जाती स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त जर्जर विद्युत पोल को बदलने की माग की है।

# चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के चन्दन शहीद मार्ग के पास से चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बदलापुर गजानंद चौबे ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान चन्दन शहीद मार्ग के पास से चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त राजेश गौतम पुत्र भानू गौतम निवासी बरौली थाना बदलापुर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 1.5 करोड़ रुपये के प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के साथ 4 गिरफ्तार




वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के सिगरा पुलिस टीम द्वारा आगामी त्यौहारों को देखते हुए अवैध चाइनीज मांझा के खिलाफ अभियान चलाकर 15000 किलो मांझा को पकड़ा गया। जिसकी कीमत डेढ़ करोड़ रुपये बतायी जाती है। गिरफ्तार व बरामद करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी काशी जोन द्वारा 25000 रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# गैस पाइप लीक होने से क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रशीदाबाद मोहल्ले में बिछाई गई अक्ड्ऋ गैस पाइप लाइन के लीकेज होने से अचानक उसमें आग लग गई।जिसके चलते क्षेत्रीय लोगों में अनहोनी को लेकर हड़कंप मच गया। जबकि सर्द ठंड में जगह-जगह अलाव जलने के साथ ही लोग घरों में भी आग जलाकर शरीर सेक रहे हैं।इस नाते लोगों में अनहोनी को लेकर भय बना हुआ है।हालांकि मोहल्ले के लोग स्वयं आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग नहीं बुझी थी। क्षेत्रीय कार्यालय सिविल लाइन रोड पर जब राफ्ता करने की कोशिश किया गया तो ठेकदार हिंगलाल पांडेय ने बताया आग स्वत समाप्त हो जाएगी किसी प्रकार की कोई हानि होने की संभावना नहीं है।

# सम्राट अशोक क्लब भारत शाखा के तत्वाधान में सावित्री बाई फुले पर कार्यक्रम सकुशल संपन्न



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सम्राट अशोक क्लब भारत शाखा महिला विंग जौनपुर के तत्वावधान में नारी शिक्षा की जननी, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति की प्रणेता, समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पंचशील फ्लावर मंडी चाचकपुर सिपाह जौनपुर में बहुत ही उत्साह और हर्ष के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गीता मौर्य विशिष्ट अतिथि शालिनी मौर्य और गोल्डी सिंह संयुक्त रूप से रही आकांक्षा मौर्य अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा मौर्य रही तो वही पूरे कार्यक्रम का संचालन विनीता मौर्य कुशलता पूर्वक किया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और अपने अपने वक्तव्य दिए। कार्यक्रम में सम्राट अशोक क्लब परिवार के सदस्य कन्हैया मौर्यसहित अन्य उपस्थित रहे। अन्त में सम्राट अशोक क्लब के जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद मौर्य शाखा जौनपुर आए हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि शिकायतों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना



सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि फरियादियों की सुनवाई करते हुए प्रभावी निस्तारण कराया जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके।जिलाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र में चाईनीज मांझा बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।इस दौरान 70 शिकायते प्राप्त हुई। जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान लगभग 100 गरीब, असहाय सहित पात्र फरियादियों को तथा मौके पर उपस्थित दो दिव्यांग उमेश, लालमन को कम्बल वितरित किया गया।इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक शहर, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

## सीआरओ की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये 101 प्रार्थना पत्रों में 9 का हुआ निस्तारण

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अम्बष्ट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने कुल 101प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर 9 का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप दिया। इस दौरान सख्त तेवर से अधिकारी हलकान रहे। चेताया दिवस पर आने वाले शिकायत कों समय बद्ध निष्पक्षता पूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया, तहसीलदार आशीष कुमार, एसडीओ धमेंद्र गुप्ता, मंडी सचिव गुलाब सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

## परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने और मूल्यांकन कार्य शुरू होने पर हुई चर्चा



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन ने कुलपति को मूल्यांकन प्रायोगिक परीक्षा को लेकर ज्ञापन दिया और यूजी पीजी की परीक्षा का सकुशल संपन्न होने पर बधाई दी। उत्तर प्रदेश में वित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ.प्रभाकर सिंह, महामंत्री डॉ.निलेश कुमार सिंह पदाधिकारियो के साथ विश्वविद्यालय में पहुंचे, उन्होंने कुलपति प्रो वन्दना सिंह को ज्ञापन सौपा। शिक्षक समस्याओं को निदान करने की मांग की। इसके साथ ही यूजी पीजी की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सकुशल संपन्न होने व समय से मूल्यांकन कार्य शुरू होने पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। प्रायोगिक परीक्षाएं समय से निपटाएं जाये। इसके साथ ही उसमें नियमानुसार शिक्षकों को मूल्यांकन में लगे और प्रायोगिक परीक्षाओं को समय से पूरा हो, जिससे परीक्षा परिणाम समय से घोषित हो सके। उन्होंने कहा कि जो भी शिक्षको के भुगतान लंबित है वह उन्हें समय से दिलवाया जाए। इस संबंध में शिक्षकों ने परीक्षा नियंत्रक डा.विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय को को बधाई और परीक्षा सम्पन्न होने और मूल्यांकन कार्य शुरू कराने की शुभकामना दी। इस अवसर पर डॉ.रमन कुमार सिंह, डॉ.संजीव कुमार सिंह, डॉ.अमित सिंह, डॉ.सलीम खान, डॉ.अवधेश भारती, डॉ.शिवाजी,डॉ.अरविंद कुमार यादव, डॉ.दिलीप सिंह, डॉ.निजामुद्दीन, डॉ.पिंटू गुप्ता, डॉ.आलोक त्रिपाठी, डॉ.सुधा सिंह, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, डॉ.राजेश भारती डॉ.कमल पटेल मौजूद रहे।

# मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, सास ससुर हिरासत में, पति और दोनों देवर फरार

**रियाजुल हक रिपोर्टर**



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शुक्रवार को लाइन बाजार थाना क्षेत्र में एक विवाहिता दहेज की बलि चढ़ा दी गई। ऐसा आरोप मायके वालों ने पुलिस को दी गई तहरीर में लगाया है। क्षेत्र के गहोरा, राम दयालगंज निवासी चन्द्रसेन पुत्र अच्छेलाल निषाद का विवाह सुमन पुत्री अच्छेलाल निवासी प्यारेपुर थाना सुजानगंज के साथ 19 जून 2018 को हुआ था। पुलिस में दी गई तहरीर के अनुसार शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। इसी दौरान एक पुत्री का जन्म हुआ।इसके बावजूद दहेज के लिए दबाव बना रहा। 3 जनवरी शुक्रवार को दिन में लगभग ढाई बजे सुमन ने अपने मायके वालों से बातचीत की और उसके बाद कोई संपर्क नहीं हो पाया। उसी दिन कुछ समय बाद सुमन की ससुराल से मायके वालों को फोन पर सूचना मिली कि उसके पेट में दर्द हुआ है और चिकित्सीय सहायता के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। रोते-बिलखते मायके वाले सुमन के घर पहुँचे तो उन्हें सुमन का शव जमीन पर लेटा हुआ मिला। उसके गले में रस्सी का दाग दिखाई पड़ा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। मृतका के पिता राजेन्द्र निषाद ने पति सहित सास,ससुर और दो देवरों को अभियुक्त मानते हुए लिखित तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य आरोप लगाए हैं। मृतका की सास और ससुर भी पुलिस हिरासत में हैं। सुमन तो इस दुनिया से चली गई।किन्तु उसकी मासूम बच्ची अब बिन माँ की हो गई है। नववर्ष सुमन की बच्ची के लिए अशुभ साबित हुआ।उक्त घटना के बारे में थाना लाइन बाजार प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई जारी है।

# लेखपाल संघ द्वारा तहसील में धरना प्रदर्शन

**धर्मेन्द्र कुमार शर्मा**



बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की इकाई बदलापुर के द्वारा संघ के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ लेखपाल लालचंद पांडे की अगुवाई में किया गया धरना प्रदर्शन। संघ के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया की 2 दिन पूर्व गाजीपुर में कासिमाबाद तहसील के लेखपाल श्याम सुंदर को पैमाइश के दौरान उन्हें फसाने की नियत से लोगों द्वारा योजना बनाकर उनके पॉकेट में 5 हजार रुपया डाल दिया। जिसके बाद लेखपाल ने पैसा निकाल कर फेंक दिया गया। वहां पहले से ही वहां पर मौजूद एंटी करप्शन टीम के द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। जो की पूरी तरह गलत है। इसमें लेखपाल को फसाया गया है। इसी के विरोध में हम सभी लेखपाल गण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी संतबीर सिंह को सौंपा और यह आग्रह किया है कि इस तरह के मामलों में पूरी जांच होने के उपरांत यदि दोषी पाए जाए तो उनके ऊपर कारवाई की जाए।उक्त मौके पर लेखपाल मनीष मौर्य, घनश्याम पटेल, श्रद्धा तिवारी, सौरभ, सीमा पटेल, सतेन्द्र शुक्ला सहित काफी संख्या में अन्य लेखपाल गण मौजूद रहे।

